>

Title: Need to take effective measures to control growth of population in the country - Laid.

श्री संजय सेठ (राँची): हाल ही में संयुक्त राष्ट्र संघ के आर्थिक एवं सामाजिक मामले के विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2027 तक आबादी के मामले में चीन को पछाड़ देगा । भारत की जनसंख्या में 2050 तक 27.3 करोड़ की वृद्धि हो सकती है ।

भारत में बढ़ती आबादी के लिए हम संसाधन कहां से लायेंगे । वर्तमान सरकार सबको शौचालय, आवास, रोजगार आदि देने के लिए प्रयासरत है ।

आज बढ़ती जनसंख्या पर अंकुश लगाना अति आवश्यक है । जनसंख्या नियंत्रण के लिए जो भी दो से ज्यादा बच्चे पैदा करें, उसे वोट देने के अधिकार, सरकारी नौकरी और स्वास्थ्य सुविधा से वंचित करना चाहिए ।